नहीं थी। जो कुछ हुआ वह एक सब–इन्स्पैक्टर और हौलदार के कारण हुआ। इन दोनों ने ही सारी बीमारी पैदा की थी। बीमारी पैदा करने के बाद, उपाध्यक्ष महोदया, गोली चली जिसमें एक लड़का मारा गया। अंग्रेजों के जमाने में जब गोली चलाई जाती थी तो पुलिस को यह हुक्म होता था कि गोली शरीर के नीचले हिस्से पर मारनी है, अधिकारियों की स्टैंडिग इन्स्ट्रक्शन्ज हुआ करती थी, लेकिन मैंने देखा है कि दादरी में बच्चे के सिर पर गोली मारी गई, इन्होंने बक शूटिंग किया है। गोली भी मौका देखकर शराब की दुकान के सामने चलाई और दिखाया यह गया कि गुरूद्वारे में गोली चली। इस किस्म का बोगस केस बनाया जिसका कोई ठिकाना ही नहीं। इनका कोई असूल ही नहीं, असूल होता तो सैल्फ सैल्फ डिफैंस का केस बनाते जा कि कन्विसिंग हो सकता थ। इन्होंने गुरूद्वारे की आड़ लेकर उस केस को खराब कर लिया और हमको शायद 15–20 हजार रूपये फजूल के पुलिस की मैहरबानी से नुकसान के देने पड़े। डिप्टी स्पीकर साहिबा, हम गुरूद्वारे में ऐसा काम नहीं कर सकते थे, उस गुरूद्वारे के लिए हमने जमीन दी, उसकी मेन्टेनेंस करते हैं फिर उस गुरूद्वारे को तोड़ने के लिए हम कैसे जा सकते हैं ? वह गुरूद्वारा पंजाब गवर्नमैंट का नहीं है, हमारा है। कितनी बुरी बात है कि पुलिस छोटे छोटे बच्चों को केस बनाने के लिए ले गई और कह दिया कि वाकई गुरूद्वारा लुटा है, इंटें उखड़ी हैं। पुलिस इस किस्म की चीजें करती है जो बेबुनियाद और अनुचित है। ठीक है गोली चलानी पड़ जाया करती है। मैं इस बात के हक में हूं कि सैल्फ

डिफेंस के लिए अगर एक आध आदमी मारा भी जाए तो कोई बात नहीं, लेकिन इसके हक में नहीं हूं कि किसी को कुते की तरह मारा जाए। मारा कहीं और जगह, जाता है और दिखा दिया जाता है कि गुरूद्वारे में मारा गया है। दूसरा जवान कहां पर मारा गया, यह शायद मेरे दूसरे साथियों को पता नहीं है। उसको हस्पताल में ले जाकर मारा और उस पर केस बनाने के लिए पुलिस ने अपनी जीप फूंक दी। वे कहते हैं कि हमने नहीं फूंकी, पुलिस ने केस बनाने के लिए यह काम किया है। इसके इलावा पुलिस ने हस्पताल के मकान में घुस कर गोली चलाई। मैं पूछता हूं कि पुलिस हस्पताल में किस लिए गई थी, उसका हस्पताल में क्या काम था ? इसी तरह नारनौल में हुआ। अगर सरकार की इस किस्म की पुलिस हो ओर इस किस्म की वारदातें करे तो मैं समझता हूं या तो पुलिस की ट्रेंनिग में नुक्स है या इसकी री–औरिएंटेशन नहीं है। ऐसी घटनाएं तो अंग्रेजों के जमाने में व्यूरोक्रेसी में भी नहीं होती थी जो कि आज हरियाणा में हो रही हैं। मैं इस रोटी के टींड जैसी सरकार को चेतावनी देना चाहता हूं क अगर वह इस तरह अनुचित कारवाईयां करती जाएगी तो वह हमें बरदाश्त नहीं होगी। यह तो डैमोक्रेसी है, कल राव साहब की सरकार थी, आज बंसी लाल की सरकार है, इससे पहले कैरों साहब की सरकार थी, इस तरह वक्त बदलता रहता है लेकिन इनके डीड्ज नहीं बदलते। इसलिए सरकार को हर काम सोच समझ कर धीरज से करना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, पुलिस को ऐसे घटिया तरीके नहीं अपनाने चाहिए जिससे देश की फिजा खराब हो। हमने पुलिस की इस कारवाई की इन्क्वायरी करने के लिए चीफ मिनिस्टर साहब से मांग की है कि इसकी जुडिशियल इन्क्वायरी होनी चाहिए लेकिन बड़े दुख की बात है कि पता नहीं किन बातों को सोचकर चीफ मिनिस्टर साहब ने जुडिशियल इन्क्वायरी करवाने से इन्कार कर दिया। डिप्टी स्पीकर साहिबा, अंग्रेज के टाईम में फौज को यह हुक्म था कि जब तक मजिस्ट्रेट से रिटन सर्टिफिकेट न ले लिया जाए तब तक फायरिंग नहीं होती थी लेकिन इन्होंने पागल कुते की तरह शिकार खेला। यह छोटी मोटी बात नहीं है जिसको जुडिशियल इन्क्वायरी के बिना छोड़ दिया जाए। अगर आज जुडिशियल इन्क्वायरी नहीं होगी तो साल के बाद होगी, दो साल के बाद होगी लेकिन जरूर होगी। और जब होगी, तो ये डीड्ज सामने आयेंगे। इसलिए अच्छा है आज ही कर लें। मेरी वजीर साहबान से रिक्वैस्ट हैं कि वे जरूर इन्क्वायरी करा लें, आज आपकी सरकार है इसलिए कुछ न कुछ बचत हो जायेगी। जिस वक्त ये चले जायेंगे तो आपको पछताना पड़ेगा क्योंकि जुडिशियल इन्क्वायरी तो जरूर होगी कभी न कभी। उपाध्यक्ष महोदया, मैं सुझाव देना चाहता हूं, मैं किसी जोश मे या तैश में आकर नहीं कहता कि I have gone grey with years. मैं अपनी सरकार को मश्वरा दूंगा, सलाह दूंगा और दरख्वास्त करूंगा कि वह जुडिशियल इन्क्वायरी करवा लें, नहीं तो आप चले जायेंगे और सरकारी कर्मचारियों को फंसा जाओंगे क्योंकि सरकारी कर्मचारियों

ने तो अपनी ड्यूटी देनी है। अगर आपने अपनी ड्यूटी के अन्दर कर्मचारियों को ऐसा मौका नहीं दिया जिसमें वे अपनी वरीयत हासिल कर सकं तो इनके लिए मुश्किल हो जाएगी।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, जमाने के अन्दर, देश या प्रदेश में जब कोई मूवमैन्ट चलता है, कोई आन्दोलन किसी बात के लिए होता है तो बीच में से कुछ आदमी गलतियां भी कर जाते हैं। सरदार भक्त सिंह और उद्यम सिंह, आप जानती हैं, अंग्रेजों के साथ गोलियों से लड़े जो कि हमारा निशाना नहीं था मगर हम उनके शुक्र–गुजार हैं, धन्यवादी हैं और उनके प्रति हमारे मन में इज्जत की भावना है क्योंकि उन्होंने देश की आजादी के लिए अपनी जानें दी हैं। उनके अन्दर देश को आजाद कराने के लिए एक जोश था जिसको उन्होंने अपने ढंग से इस्तेमाल किया। हो सकता है कि चंडीगढ के मामले को लेकर हरियाणा से प्रेम रखने वाले कुछ बच्चों ने और नौजवानों ने इस प्रकार की गलतियां की हों, मगर उनके तथा उनके वालदेन के ऊपर केस बनना, उनकी गिरफ्तारियां करना और मरे हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित न करना मैं समझता हूं ठीक बात नहीं हैं क्योंकि उन्होंने अपने ढंग से हरियाणा के लिए लड़ाई लड़ी है और जानें दी हैं। मैं तो, डिप्टी स्पीकर साहिबा, उन आदमियों में से हूं जो मिल्टरी आपरेशन्ज में भी शत्रु के सफेद झंडा दिखाने पर स्टेलमेट का आर्डर देकर उसे डैड बोडीज और जख्मी ले जाने देते हैं और उसकी दवाईयां खत्म हो जाने पर अपनी दवाईयां दे दिया करते

है। सिविल के तो, डिप्टी स्पीकर साहिबा, कुछ कायदे और होते हैं। तशदद करना तो मेरे असूल के खिलाफ है मगर मैं गवर्नमैंअ के इस मौजूदा एटीच्यूड का भी विरोधी हूं। पीछे जैसे मैं दादरी गया तो लोगों ने मुझे बताया कि छोटे छोटे बच्चे छाती के ऊपर के बटन खोल कर यह कहते थे कि यहां गोली मारो। इसमें माश्र्ज्ञल और नान मार्शल रेस की बात नहीं थी बल्कि छतीस की छतीस जातियों के लोग ऐसा कहते सुने गए हैं। (विघ्न) डिप्टी स्पीकर साहिबा, जहां मुझे इन बातों का अफसोस है वहां एक बात की खुशी भी है कि हमारे यहां एस.डी.एम. और डिप्टी कतिश्नर ने बड़ी खुशअसलूबी से मामले को हैन्डल किया और कम से कम नुकसान होने दिया। मुझे तो यह खदशा था कि अगर कही दादरी और मेरे जिले के दूसरे हिस्सों मे खून खराबा शुरू हो गया तो वह बहुत हद तक बढ़ जाएगा क्योंकि दोनों ही नौजवान अफसर थे। मैं उन्हें मप्लीमैन्टस पे करता हूं क्योंकि मैं मानता हूं कि अगर दादरी के अन्दर वह एस.डी.एम. न होता, वह मौके की नजाकत को न समझ पाता तो कम से कम 50–60 के करीब आदमी मारे गए होते। इसी तरह से डिप्टी कमिश्नर ने बड़ी खुश अस5लूबी से मामले को हैन्डल किया। यह हैं कायदे जिनके मुताबिक डैमोक्रेसी के अन्दर काम होना चाहिए। मैं, डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपके द्वारा सरकार को चेतावनी देना चाहता हूं कि वह अंग्रजों वाले ख्यालात में न फिरें। अंग्रेज तो ऐसे टाईम पर सौ दफा सोचकर कदम उठाता था मगर इस सरकार ने बिना सोचे समझे सैकड़ों लोगों को गोलियों से भून डाला। यमुनानगर में चील गोली के

बारे में, डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपने अखबारों में पढ़ा होगा। वहां दो आदमी पुलिस की गोली से मारे गए। कितने अफसोस की बात हैं ? हमने आज तक संसार में लाखों गोलियां चलती सुनी और चलाई भी मगर इस तरह की बात न कभी सुनी और न देखी कि दो बार गोली को चालाया तो सड़क पर गया हो और वह दोनों की दोनों दो आदमियों को निशाना बनाकर मौत का मुजीब बनें। डिपटी स्पीकर साहिबा, गोली चलाने वालों के लिए यह बड़ी एलीमैन्टरी सी बात है कि सीधी गोली का एन्गल कुछ और होता है ओर जमीन से भड़क कर लगने वाली गोली का अन्गल कुछ और होता है। लेकिन अफसोस की बात है कि पुलिस वालों ने फट से स्टेटमैन्ट दे दी कि गोली जो थी वह सड़क के ऊपर लगी और वहां से भड़क कर उन्हें लग गई। मैं इन चीजों को, डिप्टी स्पीकर साहिबा, कनडैम करता हूं और जो जवानों ने तशदद किया उसे भी एप्रूव नहीं करूंगा लेकिन जिस भावना के साथ उन्होंने हरियाणा के लिए कुर्बानी की उसके लिए मैं सिर झुकांऊगा।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, इरीगेशन का मसला सबसे अहम है। इस सप्लीमैंन्टरी बजट के अन्दर इसके लिए सबसे बड़ी रकम मांगी गई है और मांगनी भी चाहिए क्योंकि हमारी कृषि प्रधान स्टेट है लेकिन मुझे यह समझ नहीं आया कि पानी कहां से आएगा ? आज बता दिया पोसवाल साहब ने कि यह तो नौन पैरेनियल होगा लेकिन मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जो पैरनियल और नोन पैरेनयल नहरें पहले बनी हुई है जब उनके अन्दर ही पानी नहीं

आता तो नई नहरों के अन्दर कहां से आ जाएगा ? मुझे खुशी है कि जुई के अन्दर नहर बनाई जा रही है लेकिन मुझे खदशाहै कि पानी कहां से आएगा जबकि पहले वाली नहरों में ही पानी नहीं आ रहा। डिप्टी स्पीकर साहिबा, दादरी लिफ्ट साहिबा, दादरी लिफ्ट स्कीम के ऊपर 24–25 लाख रूपया खर्च हुआ पड़ा है और कैंरो साहब के टाईम से वह स्कीम शुरू हुई थी लेकिन आज वह लटकती फिर रही है। चौधरी रणबी सिंह जी यहां बैठे हुए हैं। ये उन दिनों इरीगेशन एंड पावर मिनिस्टर थे। इन्होंने उस वक्त कहा था कि हम एरिड एरिया को बढ़िया सरसब्ज एरिया बनाएंगे। हमें यह सुनकर बड़ी खुशी हुई थी कि चलो हमारे एक मित्र के हाथों हमारा एरिया सर–सब्ज बनेगा। लेकिन आज मुझे एक सवाल के जवाब में उतर मिला है कि अभी तक गवर्नमैंट फैसला नहीं कर पाई है कि आया इस फीडर के बंद किया जाएगा या नहीं। यह मामला अभी सोच के अन्दर है। क्या किसी जगह 24 लाख रूपया खर्च करके आप वापिस जाना चाहते हैं ? क्या हम इजाजत दे पाएंगे कि 24 लाख रूपया खर्च करने के बाद आप कह दें कि यह काम फिजिबल नहीं है ? हरगिज नहीं। फाइनैन्स मिनिस्टर साहिबा, आप इन इंजीनियर्ज के चक्कर मतें न पड़िए। इस चक्कर में पड़ने से बहुत इमप्लीकेशन्ज पैदा हो जाएंगी। चीफ मिनिस्टर साहब कहते हैं कि मेरे कमरे में आ जाना। मेरी पोजीशन तो यह है कि मुझे चाहे कमरे में बुला लो, बाहर बुला लो या अन्दर बुला लो, मैं वहीं समझ लूंगा लेकिन मैं यह नहीं समझ सका कि कमरे में पानी कहां से आएगा ? वहां तो ये चाय पिला देंगे और शायद

पेड़े–सेड़े भी खिला देंगे लेकिन पानी नहीं आएगा कमरे के अन्दर। इसलिए, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरी तो इनसे यही विनम्र प्रार्थना है कि पहले इनको पुराने प्राजैक्टस के ऊपर काम करना चाहिए, फिर दूसरे नए प्रोजैक्ट हाथ मै लेने चाहिए। आज पोजीशन यह है कि रेवाड़ी लिफ्ट प्रोजैक्ट आधे में पड़ा है, सोहाना लिफ्ट प्रोजैक्ट फांसी टंगा हुआ है और दादरी लिफ्ट प्रोजैक्ट इज हैन्गिंग फायर मगर इन्होंने इनको पूरा करने की बजाय जूई प्रोजैक्ट शुरू कर दिया। इससे तो डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह प्रोजैक्ट ाके ीाी छोड़कर झेझू फीडर या कोई दूसरा प्रोजैक्ट शुरू कर देंगे। इस तरह से नहीं होना चाहिए। यह इंजीनियर्ज का काम है कि वे पूरी प्लानिंग करें। उसके बगैर अगर चलेंगे तो उसकी जवाबदेही करनी पड़ेगी। हम तो कह सकते हैं कि काम यहां की बजाय वहां और वहां की बजाय यहां होना चाहिए मगर इंजीनियर्ज का काम है कि वह मश्वरा दें कि साहब यह पानी ले जाना गलत है जबकि आगे वाली नहरों को हम पानी नहीं दे सकते। मैं तो कुमिटमैंन्ट नहीं कर सकता, आप कर लें तो आपकी मर्जी।

उपाध्यक्षाः मेजर साहब, आपको आधा घंटा बोलते हुए हो गया। कितना टाइम और लेगे क्योंकि और भी मैम्बर्ज बोलना चाहते है?

मेजर अमीर सिंह चौधरीः अगर आप मुझे हुक्म दें तो मै अभी बैठ जाऊंगा लेकिन अभी तो मुझे बहुत सी बातें कहनी है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, अगर मै मजेदार और काम की बातें कहूंगा तब तो मुझे बोलने और अगर रेपिटिशन करूंगा तो भले ही रोक देनाख मै उसी वक्त बैठ जाऊंगा।

उपाध्यक्षः बातें तो आपकी काम की होती है।

मेजर अमीर सिंह चौधरीः अच्छी बातें तो फिर सुननी चाहिए।

उपाध्यक्षः आप मेजर साहब बारह बजे तक बोल लीजिए।

मेजर अमीर सिंहः डिप्टी स्पीकर साहिबा मै कोशिश करूंगा कि आपने मुझ 10 मिनट का टाईम दिया है उससे पहले ही अपना भाषण समाप्त कर दूं। अर्थात 9 मिनट के अन्दही ही। हां यह जरूर है हक 15 मिनट भी लग जाये तो मै आपेस माफी चाहूंगा क्येंकि मुझे झूठाा तो नही बनना पड़ेगा। उपाध्यक्ष महोदया, मै जमींदारों की भलाई की बातें कर रहा था आपने वह सारा सिलसिला ही तोड़ दिया क्येांकि किसी चलती हुई ट्रेनको रोक देने के पश्चात उसकों दुबारा स्पीड पकड़ने में कुछ समय लगता है। उपाध्यक्ष महोदया आबपाशी बहुत जरूरी चीज है। आबपाशी के लिए जब तम पूरे साधन नही अपनाये जायेंगे तक तक इस हरियाणा का कल्याण नही होगा। आज महेन्द्रगढ़ का जिला खाने को आता है इसका कारण यह है कि वहां पर उस एरिया में आबपाशी के कोई साधन ही सरकार की और से नही आनाये गये

है। अब एक महीने के पश्चात वहां पर निकलने को रूह नही करती है वहां पर आये मौसम के अन्दर कभी हैजा बनारहताहै, कही कुछ बना रहता है वहां जब तक पानी के साधन नही अपनाये जोयगे तब तक कल्याण नही हो सकता। वहां पर आज से 15 साल पहले दादरी लिफ्ट इरीगेशन स्कीम आरम्भ की गयी थी परन्तु आज तक वह ज्यों की त्येां की खटाई में पड़ी हुई है। उपाध्यक्ष महोदया, यह बात किसी भी सरकार और उस सरकार के इंजीनियर्ज के लिए क्रेडेटबल नही हो सकती। यदि 24 लाख रूपया खर्च करने के पश्चात यह विचार करें कि उसकों बन्द किया जाये या आगे को वह स्कीम ने चलायी जाये। बड़ी हैरानी की बात है कि 15 सालों के अन्दर यह सरकार यह फैसला नही कर पायी कि उसकां चालू रखे या बन्दे करें। क्या 24 लाख रूपया खर्च करने के पश्चात हम इस कदम को वापिस मोड़ने देंगे? मै तो कहूंगा कि ऐसा तो सरकार के लिए सोचना या कहना ही बेकार है।

उपाध्यक्ष महोदया मैने पहले भी एक मौके पर बहिन ओम प्रभा जी से कहा था कि यह जो हिसार और करनाल में बन्दोबस्त का काम है इसकों मत करेां परन्तु इन्होने उसकों छेड़ दिया। मैने तो उसी समय कहा था कि ये काम राष्ट्रपति शासन में हुअ करते है। ये काम हमारे टाईम में नही हो सकते है क्योंकि उनको तो वोट नही लेने होते और हमें जनता से वोट लेने होते है इसलिए हम और आप इस काम को नही कर सकते है चाहे

आपका राज हो या हमारा राज हो। मैने इस बात को सदन के सामने बड़े स्पष्ट शब्दों में बताया था कि डैमोक्रेसी के अन्दर आप किसी चीज को बढ़ा सकते हो, घटा नही सकते। जींद के जिले को आप तोड़ना चाहों तो तोड़ नही सकते हां, कैथल का अगर जिला बनाना चाहते हो जिला बना सकते है हो लेकिन तोड. नही सकते। डैमोक्रेसी में तो ज्यादाह हो सकता है चाहे आपका राज हो या हमारा राज हो इसमें कोई अन्दर नही। इसलिए यह सोचना कि बन्दोबस्त कर पायेंगे, यह बिल्कुल गलत है। इस सरकार ने 13.16 लाख रूपया जाया करने के पश्चात् आज उस बन्दोबस्त को बन्द कर दिया। उस समय हमारी नही मानी। अगर आप हमारी अपोजीशन वालों की नही मातने हो तो मै मित्तल साहब से रिक्वैस्ट करता हूं, उनकी ही सुनायी कर लिया करों, वे ही आपकों समझा देगे। साढे तेरह लाख रूपये को इस सरकार ने मिट्टी में मिला दिया और अब फिर वह मुरबाबन्दी शुरू कर दी। मुरबाबन्दी की उपाध्यक्ष महोदया यह हालत है मेरे अपने महेन्द्रगढ़ जिले के अन्दर 20 गांव ऐसे है जिनके आज तम कब्जा बदल नही हुए। इन बातों को आज 14–15 साल हो गये। एक आदमी दूसरे आदमी का मुजारा बना बैठा है और उनकी रिदावरी भी होती है परन्तु यह पता नही लगता कि किस तरीके से गिरदावरी होती है। उन जमीदारों को न कोई कर्ज मिलता है और न ही एक गांव से दूसरे में जाने के लिए रास्ते मिल हुए है। इधर हरिजनों के बसाने के लिए भी कोई जगह नही और यहां कहते है कि हरिजनों की बडत्री सहूलियते दे रहे है। जब पूछा जाता है तो जवाब मिलता है

कि यह इलाका रेतीला है, यह पहाड़ी है, यह दिया वाला है। इस प्रकार की दलीले दी जाती है। रास्ते की तो दरिया वालों को भी जरूरत होती हैं जो दरिया वाले है उनमें हरिजनों को भी बसाने के लिए जगह चाहिए। गांवों की दूसरी जरूरते है जैसे पंचायत फार्म है यह भी पंचायतों की आमदनी के लिए जरूरी हैं जब तम मुरबा–बन्दी नही करेगे तब तक ये सब चीजे कहां से होगीत्र इसलिए मुरबा–बन्दी तो करनी ही पडत्रेगी। अगर कोई नही भी कराना चाहतात ळै तो भी करनी ही पड.ेगी। इसके बगैर तो बिल्कुल काम नही चालेगा। मैने अपने जिले के डिप्टी कमिश्नर से पूछा कि ऐसे हालात क्यों बने हुए है। उन्हौन बताया कि एक ए. सी.ओ. साहब ऐसे है उनकी मैने भी शिकायत कर ली, एस.डी.एम. साहब ने भी शिकायत कर ली, पर पता नही चलता, वह तो ऊपर से ही छुट्टी ले आताहै दामोदर दा जी मेरे पैप्सू के अपने अफसर है रेवेन्यू के महकमें के बड़े काबिल अफसर है। रेवेनयू डिपार्टमैंट में तो उनकी बराबर को मै किसी अफसर को नही समझता क्योंकि रेवेन्यू के बारें में उनकों बहुत ज्यादा ज्ञान है। बड़े संजीदा किस्म के अफसर है परन्तु वे भी मुरबा–बन्दी की समस्याओं को हल नही कर पाये है पता नही इसके पीछे क्या कारण है? मुझे तो यह यकीन है बेसिकली कोई इसके अन्दर रौंग (Wrong) है। मै बहिन जी, आपकी मार्फत यह दिवेनदन करूंगा कि वे इस पर विचार करे। मुरबाबन्दी के मुताल्लिक में फिर अर्ज करूंगा कि आप हमारे कहने से नक करों परन्तु हरिजनों के नाम से ही जिनकी आप मदद करना चाहते है, कर दो। हरिजन दुखी है, गांवों की पंचायतें

दुखी है लेकिन फिर भी आप मुरबा बन्दी नही करते है। इसलिए इस ओर आप अवश्य ही कदम उठाये और जरूरी कदम उठाइये।

उपाध्यक्ष महोदया, दो लाख 16 हजार दो सौ रूपया इलैक्शन के लिए मांगा गया है। मुझे यह पता नही क्या खतरा आ गया है या दिल्ली की सरकार कमजोर हो गई है। जिसके कारण ये इलैक्टोरल–रोल तैयार कराये गये। जब इलैक्शन होने को होता तभी तैयार करा लेते, इतने पहले कराने की की क्या आवश्कता हो गयी है? अब तक तो मुझे कोई शक नही था परन्तु अब मुझे शक हो गया कि यह राज अब जाने वाला ही है। इससे ते यही पता लगता है कि यह राज किसी वक्त चला जाये। ये सड़के बडक्रके जो कुछ कार्यवाही कर रहे है, ये इसी खतरे को देखते हुए कर रहे है।

खान अब्दुल गफ्फार खाः हम जाने वाले नही है।

मेजर अमीरसिंह चौधरीः खान साहब यह आप नही कर सकते, यह तो मेरा अन्दाज है कुछ फैक्टस होते है, कुछ सरकमटान्शल ऐवीडैन्स होती है। सरकमटान्शल एवीडैन्स चूंकि इस तरफ की लाडी कर रही है इससे ऐसा लगता कि अब आप भागने वाले है वरना अभी से इलैक्टोरल रोल बनाने की क्या आवश्कता हो गयी थी? उपाध्यक्ष महोदया आने इस इलैक्टोरल रोल को देखा है अथवा नही मुझे तो आपका पता नही। परन्तु मैने देखा है उसमें मेरा अपना नाम कुछ है और पिता का नाम कुछ है और

गांव का नाम कुछ और ही है। जब एक एम.एल.ए. का नाम ठीक नही है तो और के नाम क्या ठीक हो सकते है? जब मैने कारण पूदा तो बताया गया ि ये साइकलोस्टाइल मशीन से सटैन्शल कटवाये है इउनसे ऐसा हो गया। जब मैने गांव की लिस्ट को देखा उसमें भी हजारों मिस्टेक और काफी कटिग्ज है। अगर आप इन लिस्टों से चुनाव करायेगे तो आपकी जीत हो चुकी। जिम्मेदार एन्यूमरेटर लगाये हुए है। उनकों सरकार ने पैसा दिया हुआ हैं कोई वजह नही कि दो लाख 16 हजार रूपया खर्च करने के बाद इलैक्टोरल रोल बकायदा न हो। आपका यह फर्ज बनता है कि ऐसे आदमियों को नोटिस में लें और उनके खिलाफ एक्शन लेने की आपकी हिम्मत होनी चहिए। एन्यूमरेटर जो आने लगाये है वे अगर गांवों और माहल्लों के ही नाम नही लिखते है या गलत नाम लिख देते है तो फिर आप उनको पैसा ही क्यों दे हो। दो लाख 16 हजार के करीब रूपया आप मांग रहे है, इसकी बजाये आप चाहे चार लाख मांग लो, लेकिन जिसके लिए पैसा मांग रहे हो वह काम तो ठीक हो। क्या जिसका वोट नही होगा वह फिर आठ आने खर्च करके फिर मेजिस्ट्रेट के सामने जायेगा कि मेरा वोट बना दो। आम और सीधे साधा आदमी तो इन सब झंझटों को नही करेगा और न ही उसकी जुर्रत ही होगी। इसलिए ये पेचीदगियां है, इनको ंदूर करों और इन्यूमरेटरल से सही काम कराओं।

उपाध्यक्ष महोदया, अब मै डिमांड नं. 19 के बारें में अर्ज करना चाहता हूं। एग्रीकल्चर मिनिस्टर चाञैधरी रण सिंह मेरे

अच्छे मित्र है अैर मै समझता हूं कि वे प्रोब्लम समझने की कोशिश करते है अैर मेरी उनकी मुत्ताल्लिक बड़ी ऊंची ओपीनीयन है लेकन उनके महकमें के अन्दर कई बातों की ओर मै उनकी तवज्जोह दिलाना चाहूंगा। एक तो आपने पिछली दफा विश्वास दिलाया था और अब उसी चीज के लिए रूपयां मांगा जा रहा है। ये सायल कन्जर्वेशन के लिए वर्टे बनाते है। हमारे महेन्द्रगढ़ जिले में इन्होने लाखों रूपया खर्च कर दिया और एक कौड़ी का फायदा नही है। अब फिर 50 हजार रूपया मांग रहे है। इससे किसी किस्म का फायदा नही है, न किसान इसकों चाहते है, न ये कन्टूर के हिसार से बनाते है। तो इसका फायदा क्या है सिवाए इसके कि अफसर अपनी एग्जिस्टेस रखन चाहते है। इन आदमियों को किसी और जगह लगा दों किसान की जमीन क्यों खराब करते हो?

दूसरी चीज यह है कि अंडर ग्राउंड वाटर कोरस बना रहे है। मैने इनके आदमियों से पूछा कि क्या कर रहे हो तो बताया गया कि टयूबवैल लगा रहे है। उपाध्यक्ष महोदया, जिन किसानों ने कुंए खोदे हुए है उन कुंओं का पानी खुश्क हो गया। यह क्यो हो गया। इसका कारण यह है कि किसान कुंए खोदकर ऊपर वावेले स्ट्रेटा का पानी लैते है और टयूबवैल से नीचे वाले स्ट्रेटा का पनी लिया जाता है इनके टयूबवैल सारा पानी खीच लेते है। इनका स्टाफ लैमेन स्टाफ है और सायल कन्जर्वेशन की ट्रैनिंग ली होती है। इस काम के लिए इंजीनियर जरूर होने चाहिएं। बेसिक चीज तो इंजीनियर ही समझ सकता है। अगर मेरे सर में

दर्द है और एनासीन की गोली खा लेता हूं तो इसका मतलब यह तो नही कि डाक्टर हो गया। डाक्टर तो डाक्टर ही रहेगा। तो ये जो लैमेन स्टाफ इन्होने लगा रखा है वे चाहे अफसर है, काम करते है लेकिन इंजीनियर की जगह तो नही ले सकते। यहा तो पहले रियासतों मे होता था। हमारे महेन्द्रगढ़ के अस्पताल में डाक्टर नही था। महेन्द्रगढ़ का तहसीलदार सस्पैंड होकर पटियाला चला गया था, वह वहां से बहाल होकर आया। डाक्टर की जगह महेन्द्रगढ़ के अस्पताल में उसे लगा दिया। मैने पूछा तुम यहां कैसे तो कहने लगा कि मै डाक्टर की जगह आफीशियेट कर रहा हूं। यह रियासती घसघस खेती के महकमें में भी है मैने इनके एक आदमी से पूछा कि तुम्हारा क्या क्वालिफीकेशन है फेयर वैल (Fare Well) लगाने की तो कहने लगा बी.एस.सी. हूं। मै तो नही समझता कि एक एग्रीकल्चर का बी.एस.सी. कस तरह से इंजीनियर्ज का काम जान सकता वैसे तो मै भी थोड़ा बहुत फेयर वैल का कम कर दूंगा लेकिन मेरी नालिज लेमेन वाली नालित है। इकस काम के लिए इंजीनियर होने चाहिए। मेरे गांव में एक फार्म पर स्प्रिकलिंग इरीगेशन होती है। 5–6 होर्सपावर की मशीन की जरूरत थी इन्होने 30 होर्स पवार की मशीन ने फेंक दिया 15 मिनट में और सारी योजना फेल हो गई। मै तो कहता हूं इरीगेशन डिपार्टमैंट से इंजीनियम ले लो। उनकों डेपूटेशन के तौर पर लो और उन्हें बांधकर न रखो। हर दो साल बाद उनहें वापिस भेज दो। इस तरह अच्छे से अच्छे लोग मिल जाएंगे।

मैने इनके एक इंजीनियरसे पूछा कि तुम्हारी क्वालिफीकेशन क्या है तो कहने लगा कि एग्रीकल्चरल इंजीनियर इन टूल्ज मेकिंग। हमें क्या करना है एग्रीकल्चरल इंजीनियर इन टूल्ज मंकिंग का वह तो कसी कारखाने में होना चाहिए। हमें तो बोरिग का इंजीनियर चाहिए इंजीनियमर इन टूल्ज मंकिग को क्या पता कि बोरिग प्रेशर क्या होता है। चौधरी रणसिंह जी आपके महकमें के अन्दर यह चीज हो यह ठीक नही है। ये लोगा पाइप इस्तमाल करते है। गुजरात टाइप पाई 9 इंच का एक रूपया प्रति फुट आता है लेकिन सायल कन्जर्वैशन में ये लोग इस्तेमाल करते है। 2.10 प्रति फुट वाला 12 इंज के पाइप हमारे इरीगेशन वाले इस्तेमाल करते है। 1.50 रूपया प्रति फुट वाले और ये किसानों को लगाते है 3.31 रूपया प्रति फुट के हिसाब वाले, एक और पाइप 18 इंच का इरीगेशन वाले बनाते है उनका भाव 2.25 रूपया है लेकिन इस्तेमाल करते है 7.4 रूपये प्रति फुट वाला। एकाउन्टस वालों देख लो यह रूपया सब आपके खजाने से जाता है। मैने इनके आदमियों से पूछा इतना फर्क क्यों है तो कहने लगे कि उनके पाइप कच्चे होते है और हमारे पक्के। जब सरकारी टयूबवैल उन सस्ते पाइपों को इस्तेमाल करते है तो इतने महंगे यह लेकर क्यों किसान को बरबाद करते है।

उपाध्यक्षा: आपका टाइम खत्म हो गया अब खत्म कीजिए। इधर से तो आज किसी ने नही बोला।

मेजर अमीर सिंह चौधरीः बस एक महकमा और रह गया है।

श्री मंगल सैनः उपाध्यक्ष महोदया, मेरी रिक्वैस्ट है कि इन्हे ही बोलने दे। बोलो मेजर साहब, बोलो।

उपाध्यक्षाः डाक्टर साहब, क्या आप मेरा भी काम करने लगे है।

श्री मंगल सैनः मेरी तो यह रिक्वैस्ट थी। हमारा काम रिक्वैस्ट करना है और आपका काम रूलिंग देना है।

मेजर अमीर सिंह चौधरीः अब आप लीजिए एनिमल हस्बैन्डरी का का महकमा। मै समझता हूंकि यह महकमा बहन जी के पास है। इनके पास शायद बकरी भी नही होगी। इन बेचारी बहन जी को एनिमल हस्बैन्डरी का क्या पता? जैसे मुझ से कोई शहर की बात पूछे तेा मुझे क्या पता शहर की बात का मुझे तो गांव की बात का पता है। मुझ फौज की बता का पता है कि गोली कैसे चलाई जाती है। कोई आदमी जमीन की बाबत जानता तो है नही उससे पूछ लो कि जमीन की किस्म कितनी होती है। क्या बताएगा? तो श्री बंसी लाल जी मै अर्ज करूं कि महकमों की तकसीम ऐसे करों जिन लोगों को उस लाइन का पता हो। अब मै असी इशू पर आते हुए एक बात की ओर तवज्जोह दिलाउंगा कि डिस्ट्रिक्ट लेवल पर एनिमल हस्बैडरी अफसर होते है। लेकिन इन्हौने अलग–अलग रियासते ंबन रखी है। इस महकमें के अन्दर

ए.आई. का अलग महकमें है यह इते ही फिजूल है जितने कि परिवार नियोजन। बेकार रूपया खराब किया जा रहा है। ए.आई. की बता आपके सामने रखू। ये अंग्रेजी किस्म की जरसी ब्रीडिग के लिए जो काम कर रहे है उनसे पूछो कि कितने डंगर को सर्विस दी और नतीजा क्या रहा, आपकों एक बछड़ी भी नही मिलेगी। मैने एक सीमैन मैसेन्जर का डब्बा खुलवा कर देखा, बिल्कुल खाली। कहने लगा आज बुल की सेहत ठीक नही थी। मैने कहा तू काहे को आया गांव में तू भी वही रह जाता। दादरी के डाक्टर का रेफरीजेरेटर खोल कर देखा तो पया कि उसमें जूते रखे है। चौधरी साहब यह डिप्टी कमिशनर की मुकर्रर की हुई कमेटी की प्रोसीडीग्ज के अन्दर है। मेरा कहना यह है कि जैसे आपने इलाज करने वाले अलग और ए.आई. के डाक्टर अलग रखे है, इन दो दो की जरूरत नही, एक जगह पर एक ही डाक्टर रखिए। ए.आई. को इसके अन्दर मर्ज कर दीजिए। बहुत खा लिया। इस लूट को अब बन्द कर दो। अगर यह महकमा आप एफीशिऐंट नाना चाहते है तो उसे अन्दर जो फजूल के आदमी रखे हुए है वे बेकार में रखे हुए है क्योकि वे कुछ काम करते ही नही। बाकी जो डिप्टी–विप्टी वगैरा है, वे भी बिल्कुल बेकार है। इस सम्बन्ध में मै कुछ सुझाव देता हूं। उपाध्यक्ष महोदया, आज हम दूध बढ़ाने की कोशिश कर रहे है लेकिन यह सरकार इसमें सफल नही हो रही है। आज हालत यह है कि जमीन को होल्डिंग छोटा होता जा रहा है और अगर इस सम्बन्ध में उनकी यही हालत रही तो कुछ दिनों बाद हम इसके लिए बैल अफोर्ड नही कर सकेंगे। इसलिए अगर आपने

गऊ माता को रखना है तो जब तक आप गऊ माता का दूध नही बढ़ायेगे तब तक कुछ नही हो सकता। इसके लिए मै गुजारिश यह करूंगा कि जरसी और थरपारकार किस्म की गऊओं की तरक्की करों जरसी को हमारे हरियाणा वाले शुरू में एक्सैप्ट नही करेगे, लेकन थरपाकर का एक्सैप्ट करेगे। उसका जो बुल है, वह हरियाणा जैसा ही है। सिर्फ सलो स्पीड है और कोई फर्क नही। उसकों आप अपना लें। मैने एक बार पूछा कि हमारे महेन्द्रगढ़ में आप उस थरपारकार नसल को क्यो नही तरक्की देते, तो कहते है कि सरकारी हुक्म नही है। अगर हम गऊओं को कवर करने के लिए थरपारकार बुल चाहें तो सरकार कहां पिक्चर में आ जाती हैं इसके अन्दर सरकार भी यह नही दिल्ली वाली सरकार। यह देखो, कितने रजवाड़े बना दिये, ऐसा नही होना चाहिए हरियाणा में जब आप समझते है कि 5 एकड़ का होल्डिग हो गया, जब अब तो आपकों बछड़ी की कीमत बनानी चाहिए। मैने पालमपुर के अन्दर देखा कि वहा बछड़ी वैसे तो कोई मुक्त भी न लेकिन जा जरसी की ब्रीड वाली बछड़ी है, वह तीन–तीन सौ रूपये के अन्दर बिकती है। इस तरफ से आप इसकी उन्नति कीजिए।

अन्त में उपाध्यक्ष महोदया, मै आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने और मैम्बर साहबन ने मेरी टाइम के लिए बहुत सहायता की। मै सरकार से उम्मीद रखूंगा और विशेषकर बहिन जी से दरख्वास्त कर दूं कि उनके आने से पहले बजट के सम्बन्ध में मैने बहुत टीका टिप्पणी की है, मै चाहूंगा कि आप चाहे आफिशियल

नोट वालों से पूछिए या उसे पढ़ ले, वैसे मैने आपके खिलाफ कुछ नही कहा। हो सकता है कि आप यह कर देगी कि ये तो डिवैल्पिग स्टेट है, यह तो होता ही है। हो सकता है अगर मै आपकी जगह होऊं तो मै भी यही कहूं, लेकिन डिवैल्पिग स्टैट में भी कुछ असूल होते है। दो और दो चार होते है। डिवैल्पिग स्टेट हो या बगैर डिवैल्पिग स्टेट, दो और दो चार तो रहने दीजिए, पांच न बनाइये या तीन न कीजिए। मै कहूंगा कि आप किसी मुहासबे के असूल के सथ चलिए। इस हिसाब रखने वालों की जो केताही है, उस पर भी कन्ट्रोल कीजिए तब ही अक आगे बढ़ सकेगे। फिर हरियाणा आगे बढ़ सकेगा नही तो अगर धक्कापायी हुई, जैसे अगर चौधरी रणबीर सिंह ने जोर डाला दिया तो सांघी तक सड़क बनवा दे अगर मैने जोर डाला दिया तो आप ने महेन्द्रग्रढ में सड़क बनवा दे, तो इस तरह से कमा नही चल सकेगा। आप प्लान बनाइये, मैरिट के ऊपर चलिए..... (विघन) इन्ही शब्दों के साथ आपका शुक्रिया अदा करता हूं।

चौधरी रणबीर सिंह (किलोई): उपाध्यक्ष महोदया, मेजर अमीर सिंह जी ने शुरू में जो सुझाव दिये है, वे मेजर साहब के अपने नही बल्कि एस्टीमेंट कमेटी के है, पब्लिक एकाउन्टस कमेटी के है जिनके अध्यक्ष बहिन चन्द्रावती जी अैर हमारे बुजुर्ग खान अब्दुल गफ्फार खां जी है। जहां तक बजट का सवल है कुछ चीजें ऐसी होती है जो अचानक आ जाती है जेसे बाढ़ है या कोई फसले फेल हो जाती है लेकिन कुछ चीजों का तो उन्हें ज्ञान है।

काम करते है और उसमें भी ऐसा पैसा ठीक वक्त पर नही मांग सकते इसलिए दोबारा मांगा जाता है। यह कोई अच्छा तरीका नही है लेकिन यह तरीका कोई आज से नही पहिले से ही चला आता है। जो भी वित्हा मंत्री इस तरीके में सुधार करने में कामयाद होगा, प्रदेश उसका धन्यावादी होगा। इसमें एक ही बात में कहना चाहता हूं। बहुत बड़ी मोटी रकम है। जुई नहर की वह जो योजना चलाई थी, उसका खर्चा पहिले लिखा जा सकता था। उसके बारे में अच्छाई या बुराई के बारे में तो मै आगे नही आऊंगा। बजट कैसा होना चाहिए उसी सिलसिले में कुछ कहता हूं कि सप्लीमैन्ट्री बजट कम से कम आने चाहिएं और मजबूरी मं ही आने चाहिए। वित्त विभाग की सुस्तियों की वजह से या एडमिनिस्ट्रेटिव डिपार्टमैन्ट की सुस्तियों की वजह से, ठीक वक्त पर मांग वित्त मंत्रालय के पास नही पहुंचती और उसके बनिा पर अगर इस सदन को फिर दोबारा एक बिल पास करना पड़ता है तथा इस तरह इस प्रदेश के ऊपर ख्वामखाह पैसे का ज्यादा बोझ पड़ता है, तो सरकार को उसकों बचाने की कोशिश करनी चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदया, चूंकि समय बहुत थोड़ा है इसलिए मै अपने हल्के के बारें में कुछ बातें कहूंगा। मेजर साहब ने दस नम्बर डिमान्ड का जिक्र करते हुए औरपुलिस की डिमान्ड का जिक्र करते हुए फायरिग के बारमें में जिक्र किया। मुझे मालूम नही कि जो भी उन्होने कहा है वह दुरूस्त है या नही, लेकिन उसकी जांच होनी चाहिए। अगर हय सत्य है तो यह बहुत बड़ा अन्याय

हरियाणा के लोगों के साथ हुआ है। हमें उसकों रोकने की कोशिश करनी चाहिए। मुझे पण्डित जवाहर लाल नेहरू के शब्द साद आते है जबकि यहां पर 75 हजार आदमी गिरफ्तार हुए थे। लाखों की तादाद में जूलस निकला था। उस वक्त कोई आदमी भी नही मरा था लेकिन गोली चली थी। पण्डित जवाहर लाल नेहरू कहा करते थे ''मुझको शायद यह सोचना पड़ेगा कि पुलिस के हाथ से गोलिया और बन्दूक जो है वह छीन ली जाय और उनको लाठी दी जाये। तो अगर मेजर साहब की जो बात है, वह सत्य है तो ऐसे आदमी जिनकों प्रजातन्त्र में बन्दूक का प्रयोग कैसे करना चाहिए कब करना चाहिए, गोली कब चलानी चाहिए, यह ज्ञान नही, तो उनको नौकरी में रखने का किसी सरकार को अधिकार नही है और न ही ऐसे भाईयों को नौकरी में रहना चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदया इसके बाद डिमाड नं. 46 के सिलसिले में कुछ जिक्र करना चाहता हूं। मेजर साहब ने सड़कों की बात की है। अब तो हमें भी डिप्टी स्पीकर साहिबा, कुछ पछतावा होता है क्योंकि जिस तरीके से काम चलता है, वह प्रशंसनीय नही है। ऐसा लगता है कि हमकों हमारे देश का ओर प्रदेश का प्यार जो था, वह कोई सही नही था। मुझे याद है कि जब मैने सिचाई और बिजली विभाग का मंत्रालय लिया, उस वक्त हमे आजाद हुए 10 वर्ष हो गये थे, 18 नहरों की खुदाई हो चुकी थी। मगर उनमें एक चुल्ली भर पानी नही चला था। मैने उसमें

पानी चलवाया हालांकि उनमें से एक भी नहर मेरे हल्के की सिंचाई नही करती थी। उपाध्यक्ष महोदया, हमारे प्रदेश में बिजली बोर्ड को यह सिंचाई विभाग आदि को क्या घाटा होता है? यह एक सोचने की बात है। मुझे भगवान की दया से बड़े अच्छे अच्छे इन्जीनियरों के साथ काम करने का मौका मिला है। लेकिन एक बात मैने अजीब जो उनमे ंपाई वह यह है कि वे सैटअप के साथ बदलते है। जब मै मिनस्टिर बना तो मैने देखा कि लोकसभा के मैम्ब्र की हैसियत से मैने जो कोई चिट्ठी लिखी थी, उस पर भी एक्शन होना शुरू हो गया जबकि पहले 5 सा 10 साल में और कोई एक्शन नही लिया गया था। आज उपाध्यक्ष महोदया, मेरे 668 सवाल का जवाब दिया गया। आज से छः महीने पहले सदन की मारफत मैने निवेदन किया था कि सुन्दरपुर और खिडवाली सड़क के लिए एक लाख बत्तीस हजार रूपया लोगों की तरफ से मार्किट कमेटी ने जमा करवाया था ताकि वह सड़क बन जाए मगर अफसोस है कि आज तम उसके ऊपर कोई कार्यवाही नही हुई। उपाध्यक्ष महोदया, इसके बारमें में चीफ इन्जीनियर ने चिट्ठी लिखी थी और एक्सीयन ने उसका उत्तर दिया था जिसमें लिखा था कि एक लाख बत्तीस हजार रूपया मार्किट कमेटी ने तो दिया लेकिन जिला परिषद का नही आया। आज सवाल के जवाब में बिल्कुल कोरा ही जवाब है, सड़क का बनाना तो दूर रहा। मै जानना चाहता हूं कि जब मेरे गांव के अन्दर बारह हजार रूपया एक फर्लांग सड़क बनाने के लिये लोगो ंने जमा किया है ते क्यों उसके ऊपर तीन वर्ष बाद भी एक इंच मिट्टी नही पड़ी। उपाध्यक्ष

महोदया, मेरा एक तरीका रहा है कि सरकार के मन्जूरी के तरीके से जो काम नही होता है, उसको कभी मैने मंत्री बनने के नाते भी नही कराया। लेकिन इसके बावजूद भी अफसोस है कि तनी वर्ष से जिन कामों की एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल सरकार ने दे रखी है, उसके ऊपर अभी तक कोई काम नही हुआ है। मुझे मालूम नही है, किसकी हिदायत से यह काम चलता है या ये अफसर क्या समझते है? ये प्रदेश सरकार के मुलाजिम है या कसी और ढंग से चलने के आदि है, यह भी देखने वाली बात है।

उपाध्यक्ष महोदया, मेजर अमीर सिंह, जी ने दादरी फीडर जिसके ऊपर पच्चीस लाख रूपये खर्च हुआ था, का जिक्र किया। आज के वित्त सचिव जब यह स्कीम मन्जूर हुई थी, बिजली और सिचाई के सचिव थे। आपकों यह जानकार ताज्जुब होगा कि इस में सिर्फ छः फुट की लिफ्ट लगती थी और इसके सांधी के लिये पानी नही आना था, रोहतक जिले के लिये पानी आना था, जहां से उस समय बिजली और सिचाई विभाग का मंत्री पैदा हुआ था और न ही अमृतसर में पानी जाना था, जहां का उस समय का मुख्यमंत्री था। पानी जाना था महेन्द्रगढ़ के टीबों पर। लेकिन इस पर भी अगर यह सरकार यह सोचती है कि उसकों 24 लाख रूपया खर्च होने के बाद छोड़ा जाए या लिया जाए तो यह हमारे प्रदेश के लिए बड़ी शर्म की बात है। डिप्टभ स्पीकर साहिबा, महेन्द्रगढ हमारे प्रदेश का हिस्सा है इकसों भी इसका हक मिलना चाहिए।

DISCUSSIONON DEMANDS FOR SUPLEMENTARY ESTIMATES

(SECOND INSTALMENTS)

उपाध्यक्ष महोदया, मै चाहता हूं कि जूई नहर जो कि हमारे मुख्य मंत्री के अहद मे बननी शुरू हुई है, वह उनक समय में ही पूरी हो जाए, वरना मुझे आशंका है कि जितना रूपया उसके ऊपर लगा, वह सरकार का जाया होगा और उसके अन्दर कोई पानी नही बहेगा। इसलिए मै आपकी और सदन की मारफत उनसे कहना चाहता हूं कि वे इस बात क बारमें सर्तक रहे। अगर यह काम पूरा नही हुआ, तो यही जो भाई हमारे बड़े इन्जीनियर और सलाहकार है, जो आज कहते है कि 24 लाख रूपये की नहर बन गई ये ही दूसरी सरकार आने पर इसे नही चलायेगे और कहेगे कि साहिब गलत हो गया क्योंकि पिछली सरकार दवाब से करा गयी थी उपाध्यक्ष महोदया, इसलिए सरकार को घाटा होता है प्रजातन्त्र में सरकार को एक तरीके से चलना चाहिये, एक तरीके से नहरों को चलाना चाहिये। सरकारे आती है, जाती है, राव बीरेन्द्र सिंह भी मुख्य मंत्री हुए, पंडित भगवत दयाल भी हुए। चौधरी बंसी लाल भी है और पहले भी कई हुए। कम से कम 50 मंत्रीगण हरियाणा के आए और गए। आवागमन संसार का कायदा है और जब आवागमन सरकार का कायदा है तो खासतौर पर उन भाईयों को ख्याल रखना चाहिए जो पच्चीस साल तक नौकरी करने के बाद पैशन की ख्वाहिश रखते है।

लेकिन होता इसके विपरीत है। मै तो डिप्टी स्पीकर साहिबा, जैसा पहले अर्ज किया, दरख्वास्त से काम करवाता हूं। जब मै लोकसभा का मैम्बर था तब भी दरख्वास्त भेजा करता था और अभी भी जबकि मै सदन का मैम्बर हूं, ऐसा ही करता हूं पिछली दफा सदन में मैने दरख्वास्त की थी कि 1,32,000 रूपये का गमन हो गया है लकिन उसका कोई उत्तर नही है कि वे रूपये कहां गये? सड़क बनाना या न बाना दूसरी बात है। लेकिन सदाकत से इन्कार करना इस सदन की बेइजती है।

उपाध्यक्ष महोदया, सैक्रेट्ररी जिला परिषद, रोहतक का मुकदमा था, मैने चिट्ठी लिखी मगर नही मानी गई लेकिन अब सरकार के खिलाफ डिग्री हो गई और वह जीत गया। इसी तरह उपाध्यक्ष महोदया, हरिजन कल्याण फण्ड का यहां जिक्र है (विघन)

उपाध्यक्षाः चौधरी साहब, आपका टाइम हो गया है, अगर हाउस एक्सटेंड करना है, तो आप टाइम ले सकते है। मैने जो डिमान्टज पास करवानी है, उसके लिये मैने आधा घण्टा रखना है। आधे घण्टे के लिए मैने गिलोटिन लगाना है, क्योकि फाइनैस मिनिस्टर ने भी बोलना है।

मेजर अमीर सिंह चौधरीः डिप्टी स्पीकर साहिबा, हाउस आधे घण्टे के लिए बढ़ा दिया जाए।

चौधरी रणबीर सिंहः उपाध्यक्ष महोदया, क्या हुक्म है।

उपाध्यक्षाः चौधरी साहब, आप 4 मिनट और बाल सकते है।

चौधरी रणबीर सिंहः उपाध्यक्ष महोदया, नहरों की सफाई की यहां बढ़ी कहानी सुनाई गई। मगर डिप्टी स्पीकर साहिबा, हकीकत यह है कि जमुना नहर के अन्दर साल में सिर्फ 60 दिन इतना पानी चलता है जो 10,000 क्यूसिक, जोकि नहर की कपेसिटी है, उससे अधिक होता है लकिन उस वक तभी इंजीनियर महोदया कहते है कि उसकों बन्द कर दिया जाए उन दिनों में जिन दिनों यमुना में 50 हजार क्यूसिक से पानी अधिक है क्योंकि यमुना मे रेत ज्यादा है। अगर उसको बहा दिया जाए तो वह नहर भी अन्ट सकती है और बन्छर भी हो सकती है। उन साठ दिनों को छोड़कर इरीगेशन मिनिस्टर साहब या सिंचाई विभाग पता करके साबित कर दें कि कभी छः हजार क्यूसिक स ज्यादा पानी हमारे हिस्से में आया तो मै सारी बातें उनकी कबूल कर सकता हूं। दो महीने के अलावा कभी 6,000 क्यूसिक से ज्यादा पानी नही बहता। उपाध्यक्ष महोदया, सही बात का पता न कर के यह जो स्वप्न देखे जाते है और मन्त्रियों से और अपने ढंग से जो कार्यवाही करवाई जाती है, यह कोई अच्छी बात नही है, अच्छा तरीका नही है।

इकसे अलावा उपाध्यक्ष महोदया, मै फैमिन रिलिफ के सिलसिले में बात करनाचाहता हूं। यह वित्त मंत्री महोदया का महकमा है हमारे दामड़ गांव में पिछली दफा खराब लिखा गया

और उगाई मुलतवी कर दी गई लेकिन अब वहां पर बाढ़ आ गई। पिछली उगाई तो अभी तक मुलतवी कर दी गई लेकिन अब वहां पर बाढ़ आ गई। पिछली उगाई तो अभी तक वसूल नही हुई और अब आगे की उगाई का भी पता नही क्या होगा। तो डिप्टी स्पीकर साहिबा ये कुछ कारण है जिनकी वजह से सरकार को घाटा रहता है।

उपाध्यक्षाः चौधरी साहब, आप अपना भाषण खत्म करें, वरना हाउस को एक्सटैन्ट करना पड़ेगा।

चौधरी रणबीर सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, डिमाड नं. 19 के तहत रोहतक जिले क अन्दर दवाई छिड़की गई। मुझे खुशी है कि वहां फसल तो बच गई, लेकिन वहां, जो शूगर फैक्ट्रिया है, उन फैक्ट्रियों में, 10 मील के अन्दर अन्दर पड़ने वाले गांवों का गन्ना नही लिया जाता हैं अगर ऐसा ही होता रहा तो मुझे अफसोस है कि वे फैक्ट्रियां कैसे अच्छे ढंग से चलेगी और किस तरह से वहां काम होगा। अगर कोई सरकार इक्नौमिक फील्ड में भी किसी को आनी नही बना सकती तो वह अच्छे ढंग से नही चलेगी। (विघन)

उपाध्यक्षाः आज खत्म कीजिए, इसके बात वित्त मंत्री महोदया ने भी बोलना है।

चौधरी रणबीर सिंहः बहुत अच्छा जी, अगर आपकी आज्ञा है तो मै इतना कहकर ही बैठ जाता हूं।

श्रीमती ओम प्रभा जैनः माननीय डिप्टी स्पीकर साहिबा, सप्लीमेंट्री ऐस्टीमेंट्स पर आज जो बहस चल रही है उसमें कुछ मैम्बर साहबान ने बहुत अच्दे सुझाव दिए है। और अपने इलके की तकलीफात का इजहार किया है। यह सही बात है कि सप्लीमैंटरी ऐस्टीमेंटस 6 करोड़ से ऊपर के है। और इस परयह नुक्ताचीनी की गइ है कि इतनी बड़ी रकम सप्लीमैटरी ऐस्टीमैट्स के जरिए हाउस से नही मांगनी चाहिए थी। डिप्टी स्पीकर साहिबाा, जब हमारा पिछला बजट पास हुआतो उस और आज के दमम्यान कुछ ऐसा खर्चा करना पड़ा जो हमारी स्टेट के डिवैल्पमैंट के जिए जरूरी था। उसके बाद ही हमने नैशनलेलाइजेशन आफ ट्रांस्पोर्ट का फैसला किया और फरवरी मे जो कहत पड़ा था वह आगे भी कंटीन्यूट रहा जिसक`लिये आगे भी इंतजाम करना पड़ा।

मेजर अमीर सिह चौधरीः कैथल में था फैमिन?

श्रीमती ओमप्रभा जैनः नही फैमिन वहा नही था।

(अध्यक्ष पदासीन हुए)

इस तरह स्पीकर साहब, स्टेट की डिवैल्पमेंट और जरूरियात को देखते हुए यह जरूरी समझा गया कि लोगों के लिए और खासकर किसानों के लिए सरकार सुविधाए उपलब्ध करे। साथ ही इरीगेशन के लिए भी चैनल्ज बनानी थी, और पिछले साल हमने महंगाई भताा बढ़ायाथा और ये स्केल रिवाइज किए थे, उससे जो सरकार पर बोझा पड़ा उसको भी शामिल

करना पड़ा था। स्पीकर साहब, एक बात मै हाउस के नोटिस में लाना चाहतती हूं कि इस 6 करोड़ और 62 लाख की रकम में से 214 लाख रूपया बुक ऐडजेस्टमेंट है यह बुक ऐडजेस्टमेंट फाइनेंस में हुआ करती है और कुछ पैसा डिप्रिशिएशन फंड में ट्रांस्फर करना होता है। तो नेट बोझ जो हमारे सप्लीमैटरी ऐस्टीमेंट्स पर पड़ा है वह 384 लाख का है। एक करोड़ 9 लाख की इजाजत पिछले बजट में ली थी ओर उसे बाद 4 करोड़ 95 लाख खर्च किया है जो कि लोगों की भलाई के लिए और जमाम फकिसलिटिज को इम्प्रूव कराने के लिए लगा है।

स्पीकर साहब, पिछली सरकार ने यह गौर नही किया कि कैनाल सिस्टमें डिसिलटिग करने की भी जरूरत है और न ही टयूबवैल के बारमें में पिछली सरकार ने कभी सोचा कि हरियाणा के लिए कुछ किया जाना चाहिए और सिस्टम को इम्प्रूव करना चाहिए मगर यह जनता कीसरकारथी इसनेयह महसूस किया कि प्रावीजन करना चाहिए और जनाब स्पीकर साहब हमें यह कहते हुए मान होता है कि हमने आने स्टेट की बेहतरी क लिए रूपया खर्च किया। हालांकि हमारी इकानामी अलाऊ नही करती थी, मगर जो काम जरूरी थे वह हर हालत में करने लाजमी थे। हमने वैस्टर्न जमाना कैनाल की डिवैल्पमैंट के लिए और टयूवैल्ज लगाने और उनकी मेन्टेनंसे और आगमेंटेषन के लिए रूपया खर्च किया। मै यहां पर बड़े गौरव से कहना चाहूंगी कि हमारे इतिहास में यह खास महत्व की बात हुई कि जिन इलाकों में सूखा पड़ता है वहां

परसरकार ने पानी ले जाने के लिए एक कैनाल बनाई है। और 3–4 महीनों के अन्दर वहां पर पानी पहुंच जाएगा अैर वह इलाका सर सब्ज हो कर हरियाणा की प्रोडक्शन बढ़ाने में मददगार होगा, और खुद के लिए भी प्रास्पर होगा। जूई कैनाल पर काफी रूपया खर्च हुआ है मगर यह जरूरी था।

स्पीकर साहब, पिछले बजट के बाद हमारे यहां कई इलीाकें कमें फ्लड्ज भी बहुत आए उसकों रोकने के लिए बहुत पैसा खर्च हुआ है। ड्राट मे, और फैमिन रिलीफ में जितनी ऐसिस्टेंस इस साल गई है। उतनी पहले कभी नही दी गई।

इसी तरह से हमारी सड़कों पर बहुत ज्यादा काम हुआ है और 830 किलों मीटर के करीब सड़के मुकम्बल हुई। सरकार को कभी यह मशा नही रहा कि सड़के बने और अधूरी पड़ी रहें इसलिए काम तेजी के साथ हुआ ओर उसके लिए लाजिमी था कि खर्च करना पड़ता।

चौधरी रणबीर सिंहः जनाब यह अच्छा है कि सरकार नेय यह फैसला किया कि जा काम अधूरा पड़ा है उसे पूरा करे मगर रोहतक में भी काम पूरा किया जाए (विधन)

श्रीमती ओमप्रभा जैनः जनाब स्पीकर साहब, सड़कों के बारमें मे जो लाइबिलिटी हमने अंडरटेक की हुई है उसकी लागत 5 करोड़ सेभी अधिक की पड़ेगी और उसकों हमें पूरा करना हैं सड़कों पर काम करते हुए जो लेवन का वेजिज मिलती थी–वह

बहुत कम कोई 1 या डेढ़ रूपयारोज थी वह हमने वेजिज का भी मान मंहगाई के कारण बढ़ाया और ढाई रूपये रोज तक दिया गया। इससे सरकार पर जहां खर्च पड़ा वहां लोगों को मदद भी काफी मिली।

1 करोड़ 63 लाख रूपया मेन्टैनैस आफ टयूबवैल पर रखा और 1 करोड़ 61 लाख नए लगवाने पर खर्च किया। 72 लाख के करीब सड़कों पर लगाया। यह कुछ मेजर खर्च थे, बाकी के छोटै मोटे खर्च है। आपकों यह जानकार खुशी होगी कि हमने एक वूल ग्रेडिग सैंटर लोहारू में लगाना है, जिससे हरियाणा के अन्दर वूल प्रोडक्शन में नया चैप्टर खुलेगा और वूल मार्किट पैदा होगी। स्पीकर साहब हमें इस बात का फखर होना चाहिए बावजूद इस बात के कि हरियाणा एक छोटी सी स्टेट है अगर इस का हिन्दूस्तान की दूसरी स्टेटों से मुकाबला किया जाए तो यह पहले नम्बर वाललीं स्टेट्स में से एक है। बावजूद इस बात के कि हरियाणा एक छोटी सी स्टेट है अगर इसका हिन्दूस्तान की दूसरी स्टेटों से मुकाबला किया जाए तो यह पहले नम्बर वाली स्टेट्स में से एक है। बावजूद इस बात के हि में सैटर से ज्यादा मदद नही मिली हम आने रिसोसिर्ज पर खडत्रे है। अज्ञेर हम आनी स्टेट का उन्नत करना चाहते है। जहां रोशनी नही है वहां पर रोशनी पहुंचाई जा रही है, जहां सड़के नही थी वहां पर सड़कों को प्रबन्ध किया जा रहा है। अैर जहां पानी की कमी थी वहां पर पानी मुहैया किया जा रहा है। स्पीकर साहब, इस तरह से हम

पिछले 22 सालों की बैकवर्डनैस को दूर करना चाहते है। तो मै समझती हूं कि इतने बड़े कामों के लिए 6 करोड़ की रकमें कोई बहुत बड़ी नही है ओर हाउस को इसकी मंजूरी दे देनी चाहिए। आप का धन्यवाद

Mr. Speaker: Now, I will apply guillotine and put the various Demands to the vote of the House.

Mr. Speaker: Question is-

Demand No. 1

That a supplementary sum not exceeding Rs. 2,30,831 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 9-Land Revenue.

The motion was carried

Mr. Speaker: Question is-

Demand No. 3

That a supplementary sum not exceeding Rs. 1,17,780 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect of 11-Taxes of Vehicles.

The motion was carried

Mr. Speaker: Question is-

Demand No. 6

That a supplementary sum not exceeding Rs. 19,770 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 14- stamps

The motion was carried

Mr. Speaker: Question is-

DISCUSSION ON DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY ESTIMATES

(SECOND INSTALLMENT)

Demand No. 8

That a supplementary sum not exceeding Rs. 2,16,220 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 18-Parliament, State Union Territory Legislatures.

The motion was carried

Demand No. 9

That a supplementary sum not exceeding Rs. 10 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 19-General Administration

Demand No. 10

That a supplementary sum not exceeding Rs. 1,68,007 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 21-Administrationof Justice.

The motions were carried.

Mr. Speaker: Question is-

Demand No. 19

That a supplementary sum not exceeding Rs. 10 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 31-Agriculture.

Demand No. 20

That a supplementary sum not exceeding Rs. 19,770 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 33- Animal Husbandry.

The motion were carried.

Mr. Speaker: Question is-

Demand No. 25

That a supplementary sum not exceeding Rs. 38,46510 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 39-Miscellaneous, Social And Development Organisations.

Demand No. 26

That a supplementary sum not exceeding Rs. 16,25,190 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 42-Multipurpose River Schemes.

Demand No. 27

That a supplementary sum not exceeding Rs. 1,63,04,010 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 43 & 44_Irrigation, Navigation, Embankment and Drainage works (Commercial and Non-commercial)

The motions were carried.

Mr. Speaker: Questions-

Demand No. 29

That a supplementary sum not exceeding Rs. 10 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 50-Publice Works.

Mr. Speaker: Question is-

Demand No. 32

That a supplementary sum not exceeding Rs. 41,50,280 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending

31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 57-Road and water Transport schemes.

Demand No. 33

That a supplementary sum not exceeding Rs. 72,00,000 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 64-Famine Relief.

The motions were carried

Mr. Speaker: Question is-

Demand No. 36

That a supplementary sum not exceeding Rs. 709,795 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 68-Stationery and printing.

Demand No. 37

That a supplementary sum not exceeding Rs. 4,00,000 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 70-forests.

Demand No. 38

That a supplementary sum not exceeding Rs. 53,98,350 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending

31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 71-Miscellaneous.

Demand No. 39

That a supplementary sum not exceeding Rs. 1,350 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 76-Other miscellaneous compensation and Assignments.

The motions were carried.

Mr. Speaker: Question is-

Demand No. 45

That a supplementary sum not exceeding Rs. 1,61,98,970 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 99-Capital outlay on Irrigation, Navigation, Embankment and Drainage Works (Commercial).

Demand No. 46

That a supplementary sum not exceeding Rs. 10 be granted to the Government to defray the Charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect, 1970 in respect of 103-Capital outlay on Public works.

The motions were carried

Mr. Speaker: Question is-

That a supplementary sum not exceeding Rs. 10 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1970 in respect of Loans and Advances by the State Government.

The motion was carried.

Obituary Reference

मुख्य मंत्री (श्री बंसी लाल): स्पीकर साहब, मै एक कंडोलैस का प्रस्ताव पेश करना चाहता हूं। अभी अभी पता लगा है कि श्री मुहम्मद यासीन खां जो कि पंजाब में हाउस के मैम्बर होते थे स्वर्गवास हो गए है। इसलिए मै सदन से प्रार्थना करता हूं कि यहां पर शोक प्रस्ताव पास करके उसको कापी उनके घर वालों को भेज कर उनके साथ हमदर्दी का इजहार किया जाए।

खान अब्दुल गफ्फार खां (नग्गल): स्पीकर साहब, निहायत रंज और अफसोस की बात है कि हमारे साथी और एक निहायत पुराने लीडर आज हम से हमेशा के लिए जुदा हो गए है। मै चौधरी साहब को बहुत मुद्दत से जानता था। वह अपने इलाके की बेहतरी के लिए बहुत कोशिश करते रहे। चौधरी साहब ने मेवात के लिए जितना काम किया मेरे ख्याल में उतना शायद किसी और न किया हो। वह एक निहायत दलेर लीडर थे और यहां तक कि उसक वक्त जब कि अंग्रेज गवर्नर हुआ करता थ वह उन से भी दलेरी के साथ बात करने से झिझकते नही थे। उनका हमसे जुदा हो जाना हमारा एक बहुत भारी नैशनल लौस है जोकि नाकाबले तलाफी हैं हमारी दुआ है कि अल्हा ताला उनकों जन्नत

नसीब करें और हम लोगों को और उनके तमाम रिश्तेदारों को इस बात की तौफीक अदा फरमाए कि हम उनके सदमें को बर्दास्त कर सके और उनके नक्शे कदम पर चलते रहे।

चौधरी रणबीर सिंह (किलोई): स्पीकर साहब, चौधरी मुहम्मद यासीन खां जब पाकिस्तान नही बना था उस वक्त भी हरियाणा के इलाके की तरफ से पंजाब की असैबली के मैम्बर होते थे। वह सन् 1952 में और 1957 मे ंभी असैम्बली के मैम्बर रहे। वह एक बहुत ऊंचे ख्याल के इन्सान थे और उनके अन्दर राष्ट्रीयता कूट कूट कर भरी हुई थी। सन् 1947 के अन्दर जब कुछ भाई हिन्दू और मुसलमान के नाम पर खून की होली खेल रहे थे उस वक्त यह एक जरनैल की तरह उठे और राष्ट्रपिता गांधी को मेवात के इलाके में ले गए और मै ता`कहता हूं कि आज जो मेवात हमारे सूबे के हिस्सेदार है यह उनकी कोशिश का ही नतीजा है। इतनी बहादुर कौम को यहां रखने में चौधरी साहब का बहुत बड़ा हाथ था, महात्मा गांधी का भी था लेकिन इनका भी बहुत था। मेवात में उनकों राजा के नाम से याद किया जाता था। दुनिया से हरेक ने चले जाना है, हमने भी एक दिन जाना है आज वह भी हमसे को जुदा हो गए है। स्पीकर साहब, जैसे खान साहब ने कहा उनके स्वर्गवास हो जाने से दिल को बड़ी चोट पहुंची हैं मै भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शान्ति मिले और उनका स्वर्गवास मे ंवास हो और हमको और उनके घर वालों

को भगवान हौसला दे कि हम उनके सदमें को बर्दाशत कर सके। जय हिन्द।

चौधरी नेकी राम (नरवाणा): स्पीकर साहब, चेधरी मुहम्मद यासीन खां की मौत का बड़ा अफसोस है। यहां पर यह बात कही गई कि वह मेवों के बहुत बड़े लीटर थे लेकिन मै कहता हूं वह केवल उनके लीडर ही नही थे वह किसानों के भी बहुत बड़े लीडर थे। अंग्रेजों के जमाने में जो उन्होने किसानों की सेवा की उसको भुलाया नही जा सकता।

और इसमें कोई शक नही है कि हमारे इतने बडत्रे और बजुर्ग लीडर की मौत से हरियाणा को नाकाबले तिलाफी नुक्सान हुआ है। मै भगवान से प्रार्थना करत हूं कि ईश्वर उनकों स्वर्ग में स्थान दे और हमें उनके लवाहकीम से पूरी पूरी हमदर्दी है।

श्री अध्यक्षः मुझे भी चौधरी मुहम्मद यासीन खां के स्वर्गवास होने का बड़ा दु:ख है और जो ख्यालात यहां पर पेश किये गये है मै उनसे बिल्कुल सहमत हूं। मुझे याद है कि 1947 में मुण्े भी कुछ मौका मिला था ि मै गुड़गांव के ला एंण्ड आर्डर का इन्चार्ज था। मुझे यह भी याद है और जो कुछ हुआ वह सब को मालूम है और मेरा ख्याल है कि उन सबा बातों के कहने की यहां जरूरत नही लेकिन मै यह बातना चाहता हूं कि उन दिनों ताउडू के मकाम पर एक बड़ी भारी पंचायत हुई जिसमे कई हजार बुजुर्ग भाई इकट्ठे हुये और मुझे अब तक याद है कि उस पंचायत के

कामयाब कराने में यासीन साहब का बड़ा भारी हाथ था जिसके कारण खून खराबा बंद हुआ और बहुत सारे भाईयों का जानी और दूसरा नुक्सान जो हो सकता था वह बच गया। मै मैम्बर साहबान से अपील करूंगा कि हम उनकी याद में दो मिनट के लिये मौन खडे हो जाये।

(At this stage the House stood in silence for two minutes as a mark of respect to the memory of the deceased)

Mr. Speaker: The House stands adjourned till 2-00 P.M. on Monday, the 23rd February, 1970.

12.51 P.M.

(The Sabha then adjourned till 2-00 P.M. on Monday, the 23rd February, 1970)